RNI No. MAHHIN/2008/24974, Postal Regd No. MCS-206/2025-27, License to post without payment **MR/Tech/WPP-287/South/2025-27**
Post at Mumbai Patrika Channel Stg. Office, Mumbai G.P.O., Mumbai- 01. Posting Date : 14-15 Every Month, Publishing Date : 14 Every Month

# आभूषण टाइम्स

वर्ष : 19 | अंक : 02 | अप्रैल 2026 | मासिक | पृष्ठ : 48 | मूल्य :₹ 50



## गोल्ड पर असमंजस

**रेट ऊपर या नीचे और या फिर लंबा ठहराव?**

## सिल्वर में आगे क्या?

**ऑलटाइम हाई के बाद भारी गिरावट, अब आगे क्या?**


SHANTI
GOLD
International Ltd.
Be Unique, Be Special,
Be Pretty...
9819514517
Andheri East
order@shantigold.in
www.shantigold.in

# THE NEW ERA OF DIGITAL LUXURY

GM
SWITCH TO A BETTER WORLD



reddot winner 2024
product and design concept

iF DESIGN AWARD 2026

**essence**
dawn of digital luxury

## HOME AUTOMATION SOLUTION

The Essence Switch is a bold expression of digital luxury, crafted for villas, bungalows, and curated spaces of the modern era. Its luminous arcs, inspired by nature's contrasts, blend sleek design with intelligent functionality. With built-in smart features and voice-enabled control, it elevates everyday living into a seamless experience. As a complete home automation solution, it gives you the power to manage lights, fans, curtains and more with ease. Essence is not just a switch series; it is where connected living meets timeless elegance.

IoT Tech Control | Minimal Design | Smart Home | Access Remotely | Voice Command | Retrofit | Touch Control | Scheduling | Shutter-curtain & Blind Control | Scene Control | Dimming Control

Modular Switches • Touch Switches • Wi-Fi Switches • Home Automation Solutions • Bluetooth Music System
Video Door Phones • LED Lighting • Wires & Cables • PVC Pipes & Fittings • DBs, MCBs & RCCBs • Fans & Appliances

www.gmmodular.com | info@gmmodular.com



# ज्वेलरी इंडस्ट्री में असमंजस और वित्तीय वर्ष की शुरूआत

वित्तीय वर्ष का पहला महीना अप्रैल हमेशा नई उम्मीदों, नई रणनीतियों और बाजार की नई दिशा तय करने का समय होता है। लेकिन इस वित्तीय वर्ष की शुरुआत वैश्विक अस्थिरता, विशेषकर युद्ध जैसी परिस्थितियों के साए में हो रही है। ऐसे समय में ज्वेलरी उद्योग के लिए सबसे बड़ी चुनौती है–अनिश्चितता के बीच संतुलन और संयम बनाए रखना। हालांकि अप्रैल का यह महीना भले ही चुनौतियों से भरा हुआ है, लेकिन यह अवसरों के भी संकेत लाया है। युद्ध के वैश्विक हालात में, पूरी दुनिया भर में ज्वेलरी इंडस्ट्री में उतार-चढ़ाव देखनो को मिल रहा है, जो कि बेहद स्वाभाविक हैं, लेकिन धैर्य, समझदारी और रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ ज्वेलर्स न केवल इस दौर से पार पा सकते हैं, बल्कि भविष्य में और अधिक मजबूत स्थिति में उबर सकते हैं। यह समय घबराने का नहीं, बल्कि संभलकर आगे बढ़ने का है, क्योंकि हर संकट अपने साथ कई नए अवसर भी लेकर आता है। ज्वेलरी इंडस्ट्री की आपकी सबसे लोकप्रिय और प्रमुख पत्रिका 'आभूषण टाइम्स' का फोकस सदा बाजार पर रहा है तथा ऐसे हालात में 'आभूषण टाइम्स' आपकी संकटकालीन मुश्किलों में ऐप के साथ खड़ा है।

ज्वेलरी इंडस्ट्री की सबसे बड़ी चिंता वैश्विक हालात हैं। एक तरफ गोल्ड व सिल्वर के तेजी से घटते - बढ़ते रेट हैं, तो दूसरी तरफ ग्राहकी में मंदी का माहौल है। गोल्ड और सिल्वर के रेट्स में हाल के महीनों में जो तीव्र उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं, वह केवल बाजार की सामान्य गतिविधि नहीं बल्कि वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों का सीधा प्रभाव है। युद्ध की स्थिति में निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख करते हैं, जिससे गोल्ड की मांग बढ़ती है, लेकिन समानांतर रूप से आर्थिक दबाव और तरलता की कमी कीमतों में गिरावट भी ला सकती है। यही कारण है कि हमने देखा कि सोना जहां 1.85 लाख के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंचने के बाद वहां से गिरकर 1.35 लाख तक नीचे आया, वहीं चांदी भी 4.20 लाख की रिकॉर्ड ऊंचाई के लेवल से गिरकर 2.20 लाख तक नीचे आ पहुंची। यह गिरावट निश्चित रूप से चिंता का विषय रही है, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि बाजार ने फिर से रिकवरी के संकेत दिए हैं। ऐसी परिस्थितियों में ज्वेलर्स के लिए सबसे महत्वपूर्ण है–संयम और धैर्य। घबराहट में निर्णय लेने के बजाय रणनीतिक सोच और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। जो ज्वेलर्स इस समय धैर्य बनाए रखेंगे, वही भविष्य में मजबूत स्थिति में उभरेंगे।

इसी अनिश्चित माहौल के बीच बेंगलुरू में आयोजित द जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा आयोजित 'आइआइजेएस भारत तृतीया' ज्वेलरी एग्जिबिशन को मिला संतोषजनक प्रतिसाद ज्वेलरी इंडस्ट्री के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है। यह संतोषजनक प्रतिसाद दर्शाता है कि चुनौतियों के बावजूद हमारी ज्वेलरी इंडस्ट्री की मूलभूत ताकत बरकरार है। विश्व में युद्ध के माहौल, गोल्ड के फिसलते रेट और बाजार में मंदी सेल होने के बावजूद 'आइआइजेएस भारत तृतीया' ज्वेलरी एग्जिबिशन खरीदारों और विक्रेताओं की संतोषजनक भागीदारी ने यह साबित किया कि ज्वेलरी इंडस्ट्री के लिए व्यापारिक विश्वास पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि वह अनुकूल अवसर की प्रतीक्षा में है।

हालांकि, यह भी सच है कि संकटकाल में ज्वेलरी की रिटेल सेल पर असर पड़ा है। उपभोक्ताओं की खर्च करने की शक्ति में कमी आई है। हालांकि विवाह का सीजन सामने खड़ा है फिर भी, जरूरत की ज्वेलरी के अलावा लग्जरी खरीदारी जैसी ज्वेलरी की डिमांड को अस्थायी रूप से एक धीमी सफ्तार पर है। दूसरी ओर, बुलियन ट्रेड में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला है। निवेश के रूप में गोल्ड व सिल्वर अभी भी लोगों की प्राथमिकता बने हुए हैं, जिससे बुलियन की सेल के सेगमेंट में संतोषजनक गतिविधि बनी रही। यह एक महत्वपूर्ण संकेत है कि बाजार पूरी तरह ठहरा नहीं है, बल्कि उसका स्वरूप बदल रहा है।

वैश्विक स्तर पर गोल्ड के जानकार और विश्लेषक इस स्थिति को लेकर आश्वस्त नजर आते हैं। उनका मानना है कि मौजूदा गिरावट एक अस्थायी सुधार है, न कि दीर्घकालिक या स्थायी गिरावट। आर्थिक अनिश्चितता, मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों की नीतियां अंततः गोल्ड और सिल्वर की कीमतों को समर्थन देंगी। इसी कारण आने वाले महीनों में दोनों धातुओं के फिर से तेजी पकड़ने की संभावनाएं मजबूत मानी जा रही हैं। इस पूरे परिदृश्य में कई चुनोतियों के बावजूद, भारतीय ज्वेलरी इंडस्ट्री के लिए सबसे बड़ी सीख यही है कि बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा। डिजिटल ट्रेंड, हल्के वजन के आभूषण, निवेश-उन्मुख उत्पाद और ग्राहक की बदलती प्राथमिकताओं को समझना अब पहले से अधिक जरूरी हो गया है। केवल पारंपरिक व्यापार मॉडल पर निर्भर रहना अब पर्याप्त नहीं है। ज्वेलरी इंडस्ट्री की प्रमुख पत्रिका होने के नाते 'आभूषण टाइम्स' आपकी भावनाओं का पहरेदार है तथा वर्तमान माहौल में हर ज्वेलर को हम कहना चाहते हैं कि, इतिहास गवाह है कि कोई भी संकट स्थायी नहीं होता। युद्ध चाहे लंबा चले या अल्पकालिक हो, बाजार अंततः संतुलन की ओर लौटता है। इसलिए विश्वास रखिए, युद्ध के माहौल के बावजूद आनेवाले कुछ ही दिनों में, अच्छेफिर दिन आएंगे!

— सिद्धराज लोढ़ा

**"भारतीय ज्वेलरी इंडस्ट्री के लिए सबसे बड़ी सीख यही है कि बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा। डिजिटल ट्रेंड, हल्के वजन के आभूषण, निवेश-उन्मुख उत्पाद और ग्राहक की बदलती प्राथमिकताओं को समझना अब पहले से अधिक जरूरी हो गया है। केवल पारंपरिक व्यापार मॉडल पर निर्भर रहना अब पर्याप्त नहीं है।"**



सिद्धराज लोढ़ा



Shringar
HOUSE OF MANGALSUTRA
©
Pride of Every Modern Bride
India's Finest Mangalsutra Collections In 18Kt, 22Kt & 24Kt
FOLLOW US
SHRINGAR HOUSE OF MANGALSUTRA LIMITED
MUMBAI | DELHI | PUNE
For Ready Stock Selection Please Visit www.shringarms.com





**संपादक**
सिद्धराज लोढ़ा

**प्रबंध संपादक**
राकेश लोढ़ा

**सह संपादक**
अखिल लोढ़ा
कुणाल लोढ़ा

**डिजाइन**
रवि गोरुले
कमलाकर तावडे

**प्रिन्टर**
प्रतिक ऑफसेट, मुंबई

**सेल्स एवं ऑफिस प्रबंधक**
सुरेश बोर्ले
हरिशंकर लोधी

**आभूषण टाइम्स**

407, कालबादेवी रोड,
दौलत भवन, दुसरा माला,
ऑफिस नं. 203 मुंबई - 400 002.

Tel.: 022-2201 7091 / 022-2240 0338
E:mail:. aabhusantimes@gmail.com
Visit on us:. www.aabhusantimes.com



# आभूषण टाइम्स

मासिक

**भारत की नंबर वन ज्वेलरी बिजनेस मैगजीन**

वर्षः 19 | अंकः 02 | अप्रैल 2026



04 ज्वेलरी इंडस्ट्री में असमंजस और वित्तीय वर्ष की शुरूआत

08 गोल्ड पर असमंजस
*रेट ऊपर या नीचे और या फिर लंबा ठहराव?*

12 सिल्वर में आगे क्या?
*ऑलटाइम हाई के बाद भारी गिरावट, अब आगे क्या?*

18 सोने के भाव सवाल सिर्फ 'कब' का नहीं, 'क्यों' समझने का है

22 'आईआईजेएस भारत तृतीया' का बैंगलुरू संस्करण
वैश्विक स्तर पर युद्ध के हालात के बावजूद संतोषजनक रहा

35 भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रविन्द्र चौहान से स्वर्ण व्यवसायियों ने की मुलाकात

36 जीजेएस अप्रैल 2026 का समापन

43 ईरान युद्ध से पहले फ्रांस ने अमेरिका से निकाल लिया अपना सारा सोना



मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक लोढ़ा सिद्धराज सोहनराजजी द्वारा फ्लॅट नं. 702, 7वां माला, प्राइम रोज, स्वरूप को.हॉ.सोसायटी, अंधेरी (वेस्ट), मुंबई-400058, 407 कालबादेवी रोड, दौलत भवन, दूसरा माला, ऑफिस नं. 203, मुंबई - 400002, से प्रकाशित कर प्रतिक ऑफसेट, 180 सी, गायवाडी, कर्नाक कंपाउंड, गिरगांव, मुंबई 400004 से मुद्रित। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र मुंबई रहेगा।




A LEGACY OF EXQUISITE DESIGNS AND EXTRAORDINARY CRAFTSMANSHIP
LAXMI DIAMONDS BENGALURU — SETTING THE BENCHMARK IN BRILLIANCE

For Any Business Enquiry Call Mr.Laxman +91 9380888030

**LAXMI IMPERIAL PVT LTD**

A LEADING MANUFACTURER OF CLOSED SETTING DIAMOND JEWELLERY

**www.laxmidiamonds.com**



# गोल्ड पर असमंजस

## रेट ऊपर या नीचे और या फिर लंबा ठहराव ?



राकेश लोढ़ा

वर्तमान समय में गोल्ड स्पष्ट रुझान में नहीं है, बल्कि यह असमंजस और सीमित दायरे में चल रहा है, जिसका मुख्य कारण वैश्विक आर्थिक स्थितियां हैं। एक ओर, महंगाई पूरी तरह नियंत्रित नहीं होने के कारण गोल्ड को समर्थन मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर ऊंची ब्याज दरें इस पर दबाव बना रही हैं, जिससे बाजार में ऊपर और नीचे दोनों दिशाओं की ताकतें सक्रिय हैं। निकट अवधि में गोल्ड संभवतः एक निश्चित दायरे में उतार-चढ़ाव के साथ स्थिर रह सकता है, जबकि मध्यम और दीर्घकाल में इसमें तेजी की संभावना बनी हुई है, विशेषकर यदि अमेरीकी ब्याज दरों में कटौती होती है या वैश्विक अस्थिरता बढ़ सकती है। गोल्ड का बाजार भारत में ज्वेलरी पर तो निर्भर है ही, एक बहुत बड़ा वर्ग रेट बढ़ने के साथ ही निवेश की दृष्टि से भी गोल्ड को खरीद रहा है। ऐसे में, ग्राहक मानकर चल रहे हैं कि एकमुश्त निवेश करने के बजाय धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से निवेश करना अधिक उचित रहेगा, क्योंकि गोल्ड त्वरित लाभ का साधन नहीं बल्कि दीर्घकालिक सुरक्षा और मूल्य संरक्षण का माध्यम है। इसी वजह से गोल्ड में नरमी के संकेत हैं, तो ईरान - अमेरिका युद्ध थमने के कुछ वक्त के बाद हालात सामान्य होने के बाद इसके फिर से स्थिर होने के संकेत हैं।

गोल्ड अपने ऑलटाइन हाई लेवल की तेजी और फिर से नीचे जाने के बाद वर्तमान के ठहराव की अनिश्चितता के बीच अधरझूल में है। बाजार के जानकारों के विभिन्न विश्लेषण गोल्ड के मामले में वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता पसरती बता रहे हैं। गोल्ड के वैश्विक कुछ जानकार कह रहे हैं कि यह आने वाले समय में अपने ऑल टाइम हाई से भी ऊपर जाएगा। कुछ का कहना है कि कुछ वक्त के लिए गोल्ड नीचे जाएगा और फिर ऊपर की रफ्तार पकड़ेगा। लेकिन कुछ की भविष्यवाणी है कि गोल्ड कहीं नहीं जा सकता, जहां है वहीं बना रहेगा, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था के हालात अधर में हैं। ऐसे अनिश्चितता हालात के बीच ज्वेलर्स क्या करें, यह और भ्रम की स्थिति है। दुनिया भर के विश्लेषकों के गोल्ड मार्केट पर अध्ययन के अनुसार गोल्ड ऊपर - नीचे की तरफ जाएगा, तो कितना ऊपर - नीचे जा सकता है? कब तक नीचे रहेगा और कब तक ऊपर जा सकता है? इसके अलावा वर्तमान हालात की तरह, गोल्ड अपने वर्तमान स्तर पर स्थिर रहेगा, तो कितने वक्त तक स्थिर रह सकता है?

**वैश्विक हालात के बीच गोल्ड में तेजी और नरमी, दोनों के मिश्रित संकेत मिल रहे हैं। गोल्ड के वैश्विक जानकार मान रहे हैं कि अप्रैल 2026 के शुरुआती हफ्ते में गोल्ड अपने आल टाइम हाई लेवल से लगभग 20-25 फीसदी तक नीचे गिरा है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि दीर्घकालिक भू-राजनीतिक तनाव इसे फिर से ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।**



सबसे पहले बात करते हैं कि वर्तमान के 1.5 लाख के ठहराव से गोल्ड ऊपर की तरफ जाएगा, तो कितना ऊपर जा सकता है? और कब तक ऊपर जाएगा? इस बारे में बात करें, तो गोल्ड के तेजी वाले परिदृश्य का आधार मुख्यतः वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, केंद्रीय बैंकों की खरीद, और ब्याज दरों में संभावित कटौती पर टिका है। यदि वर्तमान युद्ध के बाद अमेरिका में आर्थिक मंदी गहराती है और फेडरल रिज़र्व ब्याज दरों में कटौती शुरू करता है, जिससे गोल्ड की मांग बढ़ सकती है। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो कम ब्याज दरों के दौर में गोल्ड ने मजबूत प्रदर्शन किया है क्योंकि इसका कोई यील्ड नहीं होता, और कम दरों में इसकी अवसर लागत घटती है।

तकनीकी रूप से, यदि गोल्ड अपने पिछले ऑल-टाइम हाई 1.84 लाख प्रति दस ग्राम को पार करता है, तो अगला लक्ष्य रुपए की कमजोरी के साथ बढे रेट में 2 लाख तक भी हो सकता है। इस तेजी में समय सीमा की बात करें तो यह तेजी 6 महीने से 2 साल के भीतर देखी जा सकती है, खासकर यदि वेश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के बीच युद्ध और व्यापार संघर्ष जैसे राजनीतिक तनाव बढ़ते हैं। चीन, रूस जैसे देशों द्वारा लगातार गोल्ड खरीद भी इस तेजी को सपोर्ट करती है।

इसके बाद बात करते हैं कि गोल्ड नीचे की तरफ जाएगा, अगर इसकी बात करें, तो फिर यह कितना जाएगा और कब तक नीचे रहेगा? इस मामले में बाजार के जानकार कहते हैं कि गोल्ड के गिरावट वाले परिदृश्य में सबसे बड़ा फैक्टर है मजबूत डॉलर और ऊंची ब्याज दरें। यदि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अपेक्षा से ज्यादा मजबूत रहती है और फेडरल रिजर्व लंबे समय तक दरें ऊंची रखता है, तो निवेशक बॉन्ड और डॉलर की ओर शिफ्ट हो सकते हैं, जिससे गोल्ड पर दबाव आएगा। ऐसी स्थिति में गोल्ड 1.25 लाख प्रति 10 ग्राम के नीचे फिसल सकता है, और 1 लाख तक भी गिरावट संभव है। अगर ऐसा हुआ, तो यह गिरावट आमतौर पर आने वाले 3 से 9 महीने के भीतर हो सकती है, क्योंकि मार्केट सेंटिमेंट तेजी से बदलता है। अगर महंगाई दरें नियंत्रित रहती है और वैश्विक मंदी का खतरा टलता है, तो गोल्ड की डिमांड घट सकती है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी माना जा रहा है कि गोल्ड में गिरावट आमतौर पर सीमित होती है क्योंकि यह एक रक्षात्मक संपत्ति है और बड़ी गिरावट के बावजूद जल्दी खरीदारी वापस आ जाती है।

तीसरे हालात की बात यह हैं कि गोल्ड स्थिर रहेगा और स्थिर रहा, तो कितने समय तक स्थिर रह सकता है? गोल्ड में वर्तमान महीने भर से स्थिरता का बाजार देखा जा रहा है। युद्ध के हालात के बीच गोल्ड स्थिर रहना लोगों को असमंजस में डाले हुए हैं, क्योंकि आमतौर पर दुनिया के किसी भी देश के बीच युद्ध के हालात बनते हैं, तो गोल्ड महंगा हो जाता है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। वर्तमान हालात यदि बने रहते हैं तो गोल्ड सेफ जोन में रहेगा, जहां गोल्ड न ज्यादा ऊपर जाता है और न ही नीचे। यह स्थिति तब बनती है जब वैश्विक संकेतक मिश्रित होते हैं – जैसे महंगाई भी है, ग्रोथ भी है, और सेंट्रल बैंक भी स्पष्ट दिशा नहीं देते। इस स्थिति में गोल्ड 1.5 लाख प्रति 10 ग्राम के दायरे में अगले 6 महीने से 1.5 साल तक घूम सकता है। भारत में यह दायरा अगर बना रहता है तो, ग्राहकी खुल सकती है। क्योंकि भारत में लोग डेढ़ लाख प्रति दस ग्राम के भाव में गोल्ड को ठीक मानने लग गए हैं। इस दौरान ट्रेडर्स और खरीददीर दोनों ही फायदा उठाते हैं, जबकि लॉग टर्म इन्वेस्टर्स धीरे-धीरे बेचने निकलेंगे। लेकिन जानकारों के मुताबिक यह स्थिरता भविष्य की बड़े अप-डाउन वाली चाल की तैयारी भी हो सकती है। अक्सर लंबे समय तक ठहराव के बाद गोल्ड में तेज ब्रेकअप देखने को मिलता है।

गोल्ड के मामले में वैश्विक हालात बता रहे हैं कि इसकी दिशा पूरी तरह वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक कारकों पर निर्भर है। अमेरिका में ब्याज दरें गिरेंगी तो गोल्ड बढ़ेगा, दरें ऊंची रहेंगी तो दबाव रहेगा। वैश्विक स्तर पर मजबूत डॉलर गोल्ड के लिए नकारात्मक होता है। सभी जानते हैं कि युद्ध, महंगाई, अर्थव्यवस्था के संकट, व्यापारिक अस्थिरता जैसे हालात गोल्ड को सपोर्ट करते हैं। लेकिन केंद्रीय बैंकों की खरीद भी प्रभावित करती रहती है। पिछले कुछ सालों में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने भारी मात्रा में गोल्ड खरीदा है यह यगह लंबी रणनीतिक तेजी संकेत है। इन्हीं सारी वजहों के बीच गोल्ड में वर्तमान में स्थिति अधरझूल की इसलिए भी है क्योंकि ये सभी फैक्टर एक-दूसरे को संतुलित कर रहे हैं। महंगाई अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई, लेकिन ग्रोथ भी पूरी तरह टूटी नहीं है।

आज के दौर से लंबी अवधि अर्थात 1 से 3 साल की बात की जाए, तो गोल्ड में अभी भी हल्की तेजी रह सकती है, लेकिन शॉर्ट टर्म में उतार - चढ़ाव की अनिश्चितता बनी रहेगी।



**निखिल राणावत**
स्वर्णशिल्प चेन्स

गोल्ड में सुधार जारी है। जनवरी की तेजी के बाद नीचे आने के बावजूद गोल्ड की कीमतें 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से ऊपर हैं; हालांकि, गोल्ड सेक्टर के वैश्विक रणनीतिकार कह रहे है कि जनवरी 2026 में गोल्ड का ऑल टाइम हाई लेवल आने वाले कुछ सालों के लिए सबसे हाई बना रह सकता है, मतलब कि उससे आगे जाने के चांस नहीं है।



**गोल्ड पर एक दूसरा नजरिया भी है। मार्कट एनलिस्ट मान कर चल रहे हैं कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपनी निर्भरता डॉलर से घटाकर गोल्ड पर बढ़ा रहे हैं, जो इसकी कीमतों को सपोर्ट प्रदान कर रहा है। वर्तमान में युद्ध के हालात थमने के बाद यदि आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ता है और अमेरिकी फेडरल रिजर्व दरों में कटौती करता है, तो गोल्ड करे और महंगे होने के संकेत साफ हैं।**



**आर्यन सुराणा**
आराधना ज्वेलर्स प्रा. लि.

जनवरी का ऑल टाइम हाई लेवल गोल्ड का अब तक का एक खास बैंचमार्क रहा है, और वर्तामान वैश्विक हालात के बीच उसी बैंचमार्क से गोल्ड के रेट्स का आगे जाना ज्यादा आसान हो सकता है, क्योंकि दुनिया का हर देश अपनी अर्थ व्यवस्था सुधारने के लिए गोल्ड को ही निर्धारण मानता रहा है, अत गोल्ड खरीदना ही होगा और उसी से रेट बढ़ेंगे।



**अंकित मेहरा**
युनिक चेन्स एण्ड ज्वेल्स लि.

जनवरी 2026 में गोल्ड अपने उच्चतम स्तर तक पहुंच गया और 1980 के बाद से अपने 5 साल के मूविंग एवरेज के लिए गोल्ड का सबसे बड़ा प्रीमियम था। यह तेजी, सन 1979 के बाद से सबसे अच्छी तेजी रही है। लेकिन अमेरिका और ईरान के युद्ध के बीच अगर नीचे के संकेत मिलते हैं, तो फिर गोल्ड 1.25 लाख की ओर भी लौट सकता हैं।



**श्रेयांश जैन**
मुक्ति गोल्ड

अमेरिका का ईरान के साथ चल रहा युद्ध गोल्ड में महत्वपूर्ण अनिश्चितता पैदा कर रहा है। आने वाले दिनों में गोल्ड की कीमतों की दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि यह संघर्ष कैसे सामने आता है। दोनों देशें को बीच लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष से गोल्ड की कीमतें 5000 डॉलर प्रति औंस से ऊपर भी फिर एक बार जा सकती है।





# SILVERIO

## Silverio Artesa Pvt. Ltd.

The Finest Quality in 92.5 Silver Jewellery

Shop. 220/224,2, 2nd floor, Harbilas Building, Kalbadevi Road, Opp. Abhinandan Market, Near G9 Clothing, Mumbai-400002
Office: 022- 49701485, 9867271456 +91-910780-0700


Raju Kothari | Akrant Kothari - 98192 07704 | Ketan Kothari - 79001 23190
R. Kothari & Co. Jewellers
81, Chandra Darshan Building, Office No. 10, 3rd Floor, Dhanji Street, Zaveri Bazar, Mumbai-400 003
022 61834463 / 61834783 +91 7738274115 | I.com : 4463 / 4783
e-Mail : rkotharijewels@gmail.com | Website : www.rkotharijewels.com




# सिल्वर में आगे क्या?

## ऑलटाइम हाई के बाद भारी गिरावट, अब आगे क्या ?

**वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता और मंदी की आशंकाओं के बावजूद, अप्रैल 2026 में सिल्वर की कीमतों में फिर से तेजी के संकेत दिख रहे हैं। मार्च के अंत में आई लगभग 30 फीसदी की भारी गिरावट के बाद अब बाजार में फिर से रेट्स की रिकवरी के कुछ ठोस आधार नजर आ रहे हैं।**





सिल्वर की कीमतों में दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 की बेतहाशा तेजी के बाद आई अचानक तेज गिरावट ने बाजार को असमंजस में डाय दिया है। सिल्वर की इस गिरावट में देश भर के ज्वेलर्स भी परेशान हैं। उस समय जब सिल्वर लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही थी और निवेशकों के बीच आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र बनी हुई थी, वहीं अब इसमें आई तीव्र गिरावट ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि क्या यह केवल अस्थायी सुधार है या किसी बड़े ट्रेंड के संकेत? यह सवाल सभी को सता रहा है। सिल्वर के मूल्य में 2025 में दोगुने से भी अधिक की वृद्धि हुई और इसने गोल्ड सहित अन्य कीमती धातुओं से बेहतर प्रदर्शन किया है। तो, 2026 की शुरूआत के साथ ही, 20 जनवरी को सिल्वर में एक झटके में ही 26 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट 1980 के दशक की शुरुआत के बाद सबसे बड़ी इंट्राडे गिरावट रही, जिसने सभी को बता दिया कि सिल्वर के बाजार की संरचना बड़ी गहन है, जो तेजी मंदी के बीच सदा झूलती रहती है। उसके लिए वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां तो जिम्मेदार हैं ही, सिल्वर की खपत करने वाले क्षेत्रों के प्रोडक्शन की घटत - बढ़त भी जिम्मेदार है।

लेकिन सिल्वर के 4 लाख से ऊपर रेट पहुंच जाने और बहुत तेजी गिरावट के बाद वर्तमान में, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और मजबूत भौतिक मांग के बीच, सिल्वर की कीमतों में फिर से तेजी के संकेत मिल रहे हैं। संभावना है कि भारी गिरावट के बाद, सिल्वर की औद्योगिक डिमांड के चलते सिल्वर में तेजी की वापसी हो सकती है, जिससे ज्वैलरी सेक्टर में भी खरीदी के सेंटिमेंट में सुधार हो रहा है। हालांकि, आने वाले दिनों में अमेरिका के महंगाई के आंकड़े और फेडरल ब्याज के रेट की नीतियां ही सिल्वर की चाल को और अधिक स्पष्ट करेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से भी बाज़ार लगातार सहमा रहा है। बीते 2 साल में सिल्वर की क़ीमतों में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई और पिछले एक साल में सिल्वर में निवेशकों की भारी मांग देखी गई, जिससे एक के बाद एक रिकॉर्ड बने। कीमतें सीधे 4 लाख के पार पहुंच गई। इस तेज़ी ने अनुभवी ट्रेडरों को भी चौंका दिया और कीमतों में तेज़ उतार-चढ़ाव पैदा किया। जनवरी में यह रुझान और तेज़ हुआ, जब निवेशकों ने करेंसी की कमज़ोर होती कीमत, फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर चिंता, ट्रेड वॉर और भू-राजनीतिक तनाव के बीच पारंपरिक सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख किया। लेकिन ईरान पर हमले से कुछ वक्त सबसे से जो गिरावट शुरू हुई, तो फरवरी में फिर से धड़ाम की तरफ सिल्वर के तेजी से बढ़ने ने भी सभी को डरा दिया। कुल मिलाकर लगभग 50 फीसदी, 4 लाख से सीधे 2 लाख के आसपास सिल्वर का आ जाना डराना लगा है। लोग मुनाफा बुक करके निकलने लगे। मगर, अब एक बार फिर से सिस्वर के तेजी पकड़ने की संभावना बताई जा रही है। लेकिन सिल्वर के ज्वेलर्स के लिए यह वक्त बाजार पर हर पल नजर रखने का है।

वैसे देखा जाए, तो सिल्वर की हालिया गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारण रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों का ऊंचा बने रहना और अमेरिकी डॉलर की मजबूती। जब ब्याज दरें अधिक होती हैं, तो निवेशक बिना जोखिम वाले साधनों जैसे बॉन्ड में निवेश करना अधिक पसंद करते हैं, जिससे सिल्वर जैसी गैर-ब्याज देने वाली संपत्तियों की मांग घट जाती है। इसके साथ ही, डॉलर के मजबूत होने से

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सिल्वर महंगी हो जाती है, जिससे इसकी मांग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सिल्वर की हालिया गिरावट के पीछे दूसरा और सबसे महत्वपूर्ण बड़ा कारण है सट्टा। सट्टा बाजार का टूटना सिव्रर को पीछे धकेलता है। पिछले वर्ष सिल्वर में आई तेज़ी ने बड़ी संख्या में अल्पकालिक निवेशकों और ट्रेडर्स को आकर्षित किया था। जैसे ही कीमतों में गिरावट शुरू हुई, इन निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी, जिससे गिरावट और तेज हो गई। इस प्रकार का व्यवहार वित्तीय बाजारों में सामान्य है, जहां तेजी के बाद एक स्वाभाविक सुधार देखने को मिलता है। इसके बाद, एक जो तीसरा महत्वपूर्ण कारण है, वह यही है कि औद्योगिक डिमांड में अचानक आई नरमी। वैश्विक आर्थिक विकास की गति में कमी, विशेषकर चीन जैसे बड़े औद्योगिक देशों में सुस्ती ने सिल्वर की मांग को बेहद नकारात्मक तरीकेस स प्रभावित किया है। इसके अलावा, सोलर पॉवर सेक्टर में तकनीकी सुधारों के कारण सिल्वर के स्थान पर अन्य विकल्पों के उपयोग की संभावना भी बढ़ रही है, जो भविष्य में इसकी मांग को प्रभावित कर सकती है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय बाजारों में लिक्विडिटी और नियमों में बदलाव भी इस गिरावट में योगदान दे रहे हैं। फ्यूचर्स बाजार में मार्जिन आवश्यकताओं में वृद्धि और ईटीएफ निवेश में कमी ने भी निवेशकों की भागीदारी को प्रभावित किया है। तो, ये सिल्वर की गिरावट के सबसे बड़े कारण रहे हैं।

हालांकि, इन नकारात्मक कारकों के बावजूद सिल्वर की दीर्घकालिक संभावनाएं अभी भी मजबूत बनी हुई हैं। सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू है वैश्विक स्तर पर ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिफिकेशन की ओर बढ़ता रुझान। सौर पैनलों और इलेक्ट्रिक वाहनों में सिल्वर का उपयोग अनिवार्य है, जिससे इसकी मांग आने वाले वर्षों में बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही, वैश्विक स्तर पर लगातार आपूर्ति की कमी सप्लाई पर असर भी कीमतों को दीर्घकाल में समर्थन प्रदान कर सकती है। सिल्वर के मामले में, भविष्य की दिशा को लेकर तीन प्रमुख परिदृश्य सामने आते हैं। पहला, यदि अमेरिकी ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं और औद्योगिक मांग कमजोर रहती है, तो सिल्वर की कीमतों में और गिरावट संभव है। दूसरा, यदि बाजार में संतुलन बना रहता है, तो सिल्वर कुछ समय तक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव के साथ स्थिर रह सकती है। तीसरा, और सबसे सकारात्मक परिदृश्य, यह है कि यदि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां सुधरती हैं, ब्याज दरों में कटौती होती है और निवेश मांग बढ़ती है, तो सिल्वर में फिर से एक बार तेजी देखने को मिल सकती है।



**राहुल मेहता**
सिल्वर एम्पोरियम

अमेरिका व इजराइस के ईरान से लड़ाई के हालात के कारण खाड़ी देशों में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण सिल्वर की कीमतें गिर गई है। अब माना जा रहा है कि सिल्वर की कीमतें तभी बढ़ सकती है जब जंग समाप्त हो जाएगी। क्योंकि इसके बाद फिर से सिल्वर की खपत बढ़ेगी, तो रोट बढ़ने ही हैं।



**साल 2026 लगातार छठा साल है जब वैश्विक स्तर पर सिल्वर की मांग इसकी आपूर्ति से अधिक रहने का अनुमान है। सिल्वर का वैश्विक स्टॉक कई सालों के निचले स्तर पर पहुंच गया है, इससे भी कीमतों के ऊपर जाने की संभावना बनी हुई है।**

सिल्वर सेक्टर के ज्वेलर्स के लिए यह समय बेहद सावधानी और रणनीतित करीके अपनाने का है। हम जानते हैं कि अल्पकालिक निवेशकों को बाजार की अस्थिरता नए अवसर प्रदान कर सकती है। बाजार के जानकार सिल्वर ज्वैलरी की सेल के आने वाले वक्त में तेजी पकड़ने के आसार बताते हैं, लेकिन ज्वेलर्स के लिए यह कम कीमतों का दौर एक साथ सिल्वर खरीदने का नहीं, बल्कि चरणबद्ध खरीदी का है, तो कुल मिलाकर एअवरेज रेट में मुनाफे का एक बेहतर विकल्प हो सकता है। रेट नीचे हं, तो इसका मतलब यह तो कतई नहीं कि एकमुश्त सिल्वर की खरीदी कर ली जाए। इस हालात से बचते हुए, सिल्वर में वर्तमान गिरावट के दौरान धीरे-धीरे खरीदी करना जोखिम को कम कर सकता है। कुल मिलाकर सिल्वर की वर्तमान गिरावट को केवल नकारात्मक दृष्टिकोण से देखना उचित नहीं होगा। 4 लाख से ऊपर तक पहुंचने का बाद सिल्वर का धड़ाम से नीचे आना, बाजार के स्वाभाविक चक्र का हिस्सा है, जो अत्यधिक तेजी के बाद संतुलन स्थापित करता है। सिल्वर आज भी एक महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें जोखिम के साथ-साथ दीर्घकालिक कमाई के अवसर भी निहित हैं। ऐसे में ज्वैलरी मार्केट के लिए समझदारी इसी में है कि सिल्वर की खरीददारी करते हुए बाजार में सेल के हालात को भी देखें, और ठोस तथ्यों तथा दीर्घकालिक व्यापारिक दृष्टिकोण के आधार पर अपनी रणनीति तय करें।

हालांकि अमेरिकी व्यापार नीतियों के तहत अमेरिका द्वारा सिल्वर पर टैरिफ लगाए जाने की आशंकाओं के कारण भी सिल्वर की कीमतों में उछाल आया, क्योंकि अमेरिका अपने सिल्वर भंडार के लगभग दो-तिहाई हिस्से को आयात करता है, जिसका उपयोग इंडस्ट्रीयल प्रोडक्शन के साथ-साथ आभूषण और निवेश के लिए भी किया जाता है। अमेरिका में सिल्वर का भंडारण भी बढ़ गया है, जिसके परिणामस्वरूप दुनिया के अन्य हिस्सों में इसकी कमी हो गई है। ऐसे हालात में, निर्माता आपूर्ति सुरक्षित करने के लिए होड़ में लगे हुए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सिल्वर की कमी के कारण उनका प्रोडक्शन बाधित न हो, जिससे वैश्विक बाजारों में कीमतें बढ़ गई हैं। ऐसे में, वर्तमान हालात में सिल्वर भले ही नीचे हो, लेकिन उम्मीद है कि आने वाले महीनों में सिल्वर की कीमत ऊंचाई की तरफ बनी रहेगी।



**विनय शोभावत**
आनंद दर्शन सिल्वर्स

सिल्वर की कीमतों में भारी गिरावट बाद आगे क्या होगा, इस सवाल को समझने से पहले, यह समझना बेहद आवश्यक है कि सिल्वर केवल एक कीमती मेटल नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण औद्योगिक मेटल भी है। सिल्वर का और नीचे गिरना आसान नहीं है, क्योंकि वैश्विक संकेत सिल्वर की खपत बढ़के सासाथ ही इसके रेट बढ़ने के समर्थन में भी हैं।



**हेमंत बड़ोला**
वर्धमान 925 सिल्वर ज्वेलरी एलएलपी

जो ज्वैलर्स केवल ज्वैलरी के बिजनेस में हैं, उनके इस बिजनेस में होने की वजह से सिव्लर केवल ज्वैलरी सेक्टर के नजरिये से ही देखने को प्रेरित करता है, लेकिन सिल्वर की मांग का एक बहुत ही बड़ा हिस्सा सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और अन्य तकनीकी उद्योगों से आता है। सिवल्वर को व्यापाक नजरिये से देखने की जरूरत है।



**आयुष सिंघवी**
अरिहंत 925 ज्वेलरी प्रा. लि.

सिल्वर के घटने - बढ़ने का व्यवहार गोल्ड से बहुत ही अलग तरीके का होता है। जहां गोल्ड मुख्य रूप से, हर देश की सरकार तथा हर देश को लोगों के लिए एक सुरक्षित निवेश के रूप में देखा जाता है, वहीं सिल्वर पर आर्थिक गतिविधियों एवं उद्योग जगत के प्रोडक्शन का सीधा प्रभाव पड़ता है। आने वाले दिनों में सिल्वर तेजी पकड़ेगा।

# The New House
# SANGAM HOUSE
awaits to welcome you




*Innovation in every creation*

**SANGAM**
HOUSE OF JEWELS
Raman Solanki Group

**SANGAM HOUSE OF JEWELS LLP**
Swarn House, 3rd Floor, 17/19 Dhanji Street, Zaveri Bazaar, Mumbai, 400003

+91 99200 33377

Follow us on

# TARAVA

MOMENTS IN SILVER

by

SILVER EMPORIUM



SPECIAL LAUNCH OFFER - **14% OFF***
ON SILVER JEWELLERY

Silver Emporium launches Tarava –
A 'Make in India' Silver Brand at
Sky city Mall, Borivali.

## Over 34 Years

of Legacy in Silver – India's trusted
Silver Artisan for generations












# TARAVA - Where Heritage Meets Modern Silver

Jewellery | Idols | Home Decor | Household | Gifts

**Silver Emporium Pvt Ltd**

232/234, Chamber Bhavan,
1st Floor, Kalbadevi Road,
Mumbai - 400 002.

**Silver Emporium Retail Pvt Ltd**

Tarava by Silver Emporium, F 3C,
1st Floor, Oberoi Sky City Mall,
Borivali East, Mumbai - 400066.

**Silver Emporium Trendz LLP**

Shop No 6, 21 Square Bldg, LT Rd, opp. St Annes High
School, Borivali (W), Mumbai, Maharashtra 400092.

## STORE DETAILS

**Level 1, Skycity Mall, Borivali (E), Mumbai**

+91 91001 00925 | shop@tarava.in | tarava.in







SILVER EMPORIUM

Lets Connect

Mumbai - Jaipur - Hyderabad - Chennai - Bengaluru


GAURAKKii
LUXURY DIAMONDS FOR EVERYONE
Lab-GrownDiamonds
IGI Certified
Luxury
Silver Jewellery
Shop No 2/3, Ground Floor, Johari Mall, Opp. Aurum Mall, Zaveri Bazar, Mumbai.
98196 10210
gaurakkii.com


VSL
925 SILVER
THE PURE CRAFT OF QUALITY
Hemant Badola
9819610210
VSL
Vardhmaan 925
Silver Jewellery LLP
at : Shop No. 2/3, Ground Floor, Johari Mall, Opp. Aurum Mall,
Zaveri Bazar, Mumbai-400 002.
Tel.: 022 61832323 / 2241 0210 Mob.: 09819610210 / 08575925925
Web.: www.vls925silver.com
Email : info@vls925silver.com | hemantbadola@yahoo.com
EVERY THING IN 92.5 SILVER

ADN
THE MARK OF GUARANTEE & CREATION

# Aradhana
JEWELLERS PVT. LTD.



WE HAVE RELOCATED
Expanding to serve you better

Office no. 201, 2nd Floor, ADN House, Bldg no. 157/165, Sheikh Memon Street, Zaveri Bazar, Mumbai - 400002.
**Karan Surana** - 9820604171 / **Aryan Surana** - 9820204171, **Landline** - 23405500 / 23475500, **Intercom** - 4148
**eMail :** aradhanajewellerspvtltd@gmail.com | www.aradhanajewellers.com

# सोने के भाव सवाल सिर्फ 'कब' का नहीं, 'क्यों' समझने का है



हाल ही में ज्वेलरी बाजार के एक बहुत बड़े और अनुभवी कारोबारी का फोन आया। उम्र करीब 76 साल, बचपन से अपने पिताजी के साथ यही व्यापार, और आज एक बड़ा प्रतिष्ठित स्थापित नाम लेकिन उनका सवाल था, सोने के दाम इतने ऊपर चले गए, अब क्या वापस नीचे आएंगे? और आएंगे तो कब? सच कहूँ तो एक पल के लिए मुझे आश्चर्य हुआ, लेकिन अगले ही क्षण यह अहसास भी हुआ कि यह सवाल सिर्फ उनका नहीं है, बल्कि हजारों-लाखों व्यापारियों और आम लोगों के मन में भी यही जिज्ञासा है। मैंने उन्हें सीधे जवाब देने के बजाय कुछ आसान सवाल पूछने शुरू किए ताकि जवाब उन्हें खुद समझ में आ जाए। मैंने पूछा, आपने अपने इतने वर्षों के अनुभव में क्या कभी सोने के दामों में ऐसी तेजी देखी है? उन्होंने तुरंत कहा, नहीं, कोविड के बाद जैसी तेजी मैंने कभी नहीं देखी। फिर मैंने पूछा, जब कोविड में लॉकडाउन लगा था, तब शेयर बाजार का क्या हुआ था? उन्होंने कहा, सेंसेक्स गिर गया था और सोना तेजी से बढ़ गया था। बस यहीं से हमने बात को थोड़ा और खोलना शुरू किया।

मैंने उनसे कहा, जरा पुराने दिनों को याद कीजिए–जब हमारे व्यापार में सीजन खत्म हो जाता था और दुकान में पैसा खाली पड़ा रहता था, तब आप क्या करते थे? उन्होंने कहा, हम उस पैसे को ब्याज पर दे देते थे, सराफी में लगाते थे। मैंने कहा, बिलकुल सही, वही आज की भाषा में डेब्ट मार्केट है। फिर मैंने एक और सवाल किय, अगर आपको ब्याज अच्छा मिल रहा हो, तो क्या आप अपना पैसा सोने में फँसाएंगे? उन्होंने कहा, नहीं, फिर तो हम ब्याज पर ही लगाएंगे। यहीं से पूरी बात साफ होने लगती है। मैंने उन्हें समझाया कि विदेशों में, खासकर बड़े विकसित देशों में, कई बार ब्याज दरें बहुत कम या शून्य के आसपास होती हैं। अब सोचिए, अगर वहां के बड़े निवेशकों को बैंक में पैसा रखने पर कुछ खास रिटर्न नहीं मिल रहा, और ऊपर से शेयर बाजार भी गिर रहा हो, तो वे अपनी बड़ी-बड़ी रकम कहाँ लेकर जाएंगे? उनके पास सबसे आसान और सुरक्षित विकल्प क्या बचता है? जवाब है ऑनलाइन सोना।

यही कारण था कि कोविड के समय जब पूरी दुनिया के शेयर बाजार गिरे, तो बड़े-बड़े निवेशकों ने अपना पैसा निकालकर सोने में लगा दिया। और जब इतनी बड़ी मात्रा में खरीदारी होती है, तो क्या दाम नहीं बढ़ेंगे? स्वाभाविक है कि सोने के भाव तेजी से ऊपर गए। अब मैंने उनसे दूसरा पहलू पूछा क्या आपने ध्यान दिया कि जब भी

**अनुभव कितना भी बड़ा क्यों न हो, अगर हम कारणों की गहराई नहीं समझते, तो सवाल बने ही रहते हैं। यही बात आम जनता पर भी लागू होती है। हमें यह समझना होगा कि सोने के भाव सिर्फ मांग और सप्लाई से नहीं चलते, बल्कि पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिति, निवेशकों की सोच, ब्याज दरें और मुद्रा की ताकत–इन सबका मिला-जुला असर होता है।**

दुनिया में संकट आता है, तो डॉलर मजबूत होता है और रुपया कमजोर? उन्होंने कहा, हाँ, ऐसा तो होता है। फिर मैंने समझाया–हमारे देश में सोना पैदा नहीं होता, हमें उसे बाहर से खरीदना पड़ता है और भुगतान डॉलर में करना पड़ता है। अब अगर डॉलर महंगा हो गया और रुपया कमजोर हो गया, तो क्या सोना अपने आप महंगा नहीं हो जाएगा? उन्होंने कहा, हाँ, यह तो सही है। अब धीरे-धीरे पूरी तस्वीर साफ हो चुकी थी। मैंने उनसे कहा तो अब आप खुद सोचिए, जब सोने के दाम बढ़ने के ये कारण हैं–जैसे शेयर बाजार में गिरावट, ब्याज दरों का कम होना, डॉलर का मजबूत होना–तो जब ये स्थितियां उलटी होंगी, तब क्या होगा? यानी अगर शेयर बाजार फिर से अच्छा प्रदर्शन करने लगे, ब्याज दरें बढ़ जाएं, निवेशकों को दूसरे विकल्प बेहतर दिखने लगे और रुपया मजबूत हो जाए–तो क्या वे सोने में पैसा लगाए रखेंगे? या फिर वहां से पैसा निकालकर दूसरे निवेश में लगाएंगे? जाहिर है, ऐसी स्थिति में सोने के दाम या तो स्थिर होंगे या नीचे आ सकते हैं।

बात खत्म होने तक उनकी जबान पर संतोष था और मन में एक नई समझ–कि बाजार में अनुभव कितना भी बड़ा क्यों न हो, अगर हम कारणों की गहराई नहीं समझते, तो सवाल बने ही रहते हैं। यही बात आम जनता पर भी लागू होती है। हमें यह समझना होगा कि सोने के भाव सिर्फ मांग और सप्लाई से नहीं चलते, बल्कि पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिति, निवेशकों की सोच, ब्याज दरें और मुद्रा की ताकत–इन सबका मिला-जुला असर होता है।

इसलिए अगली बार जब हम सुनें कि सोना ऊपर जा रहा है या नीचे आ रहा है, तो सिर्फ भाव मत देखिए–यह समझने की कोशिश कीजिए कि इसके पीछे कारण क्या हैं। जब कारण समझ में आ जाएंगे, तो भाव अपने आप समझ में आने लगेंगे। और यही समझ हमें एक साधारण व्यापारी से समझदार निवेशक बनाती है–क्योंकि धंधा करना भले ही एक कला हो, लेकिन संपत्ति बनाना हमेशा एक विज्ञान होता है।

*भरतकुमार सोलंकी - वित्त विशेषज्ञ*





SHEAURA
JEWELS
Grace
in every gem
www.sheaurajewels.com | sheaurajewels

